राष्ट्रीय जल विकास अभिकरण
(जल संसाधन,नदी विकास एवं गंगा संरक्षण मंत्रालय, भारत सरकार)
National Water Development Agency
(Ministry of Water Resources, River Development and Ganga Rejuvenation, Govt. of India)

सं : राजविअ/अप्रभो/टी–49/ 1110–11 दिनांक 6-7-16

प्रति,

वन मण्डलाधिकारी,
वन मण्डल, (मामौन गेट),
टीकमगढ(म.प्र)

विषय :केन–बेतवा लिंक परियोजना फेज–1 का वनभूमि व्यपवर्तन फार्म–1 जमा करने बावत ।

संदर्भ :1. आपके कार्यालय का पत्रांक मा.वि./2016/1060 दिनांक 15.03.16
2. आपके कार्यालय के पत्र की प्रतिलिपि क्रमांक मा.चि./2016/955 दि 3.3.16 ।

महोदय,

संदर्भित पत्र द्वारा केन–बेतवा लिंक परियोजना फेज–1 का वनभूमि व्यपवर्तन प्रस्ताव फार्म–1 के अन्तर्गत चाही गई जानकारी निम्नानुसार है :

1. केन–बेतवा लिंक परियोजना फेज–1 का कार्य भारत सरकार द्वारा किया जा रहा है । अतः प्रभावित वनभूमि के बदले क्षतिपूर्ति वैकल्पिक वृक्षारोपण दुगने बिगडे वनक्षेत्र में किया जाना प्रस्तावित है । उपरोक्त क्षतिपूर्ति वैकल्पिक वृक्षारोपण के प्रस्ताव अपर प्रधान मुख्य वनसंरक्षक (भू–प्रबंध) भोपाल के पत्र क्रमांक एफ–3/50/2016/10–11/5/893 भोपाल दिनांक 25.4.16 के अनुसार मुख्य वन संरक्षक कार्यालय, ग्वालियर,खण्डवा, सागर, छतरपुर एवं शिवपुरी द्वारा तैयार किये जा रहे है ।

2. केन –बेतवा लिंक परियोजना फेज–1 के प्रस्ताव हेतु पंजीयन एवं प्रोसेसिंग शुल्क इस कार्यालय के पत्रांक राजविअ/भो/तक–49/14–15 दिनांक 2.1.16 द्वारा मुख्य वन संरक्षक कार्यालय छतरपुर में जमा की गई है जिसकी छः प्रतियां इस कार्यालय के सहायक अभियंता श्री एच.के.पाण्डेय द्वारा वनमण्डलाधिकारी कार्यालय में मान चित्रकार के पास जमा की गई है । जमा की गई शुल्क की एक प्रति आवश्यक जानकारी हेतु पत्र के साथ संलग्न की जा रही है ।

3. वनाधिकार अधिनियम 2006 के अन्तर्गत आवश्यक प्रमाण पत्र के लिये कार्यालय कलेक्टर आदिम जाति कल्याण विभाग टीकमगढ द्वारा उपरोक्त प्रमाण पत्र को जारी करने से संबधित कार्यो को पूर्ण करने हेतु अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) जतारा एवं निवारी

.....2....

कार्यालय अधिशासी अभियंता, अन्वेषण प्रभाग, ए–3, सहयोग परिसर, ई–8 शाहपुरा मुख्य मार्ग, भोपाल (म.प्र) –462039
Office of the Executive Engineer, Inv. Divn, A-3 Sahyog Parisar, E-8, Shahpura, Main Road, Bhopal (M.P)462039
दूरभाष /Phone: 2566818, आवास/Resi- 2492289 ,e-mail : eenwdabpl@rediffmail.com, फेक्स/ Fax-0755-2566818

को प्रस्ताव शीघ्र भेजने के लिये पत्र लिखा गया है जिसकी छायाप्रति केन–बेतवा लिंक परियोजना के वनभूमि व्यवर्तन प्रस्ताव खण्ड–1 के पृष्ठ कमाक 96 पर लगी हुई है ।

4. संदर्भित पत्र 2 के अन्तर्गत लेख है कि इस कार्यालय के सहायक अभियंता श्री एच.के.पाण्डेय द्वारा अनुविभागीय अधिकारी टीकमगढ एवं निवारी से चर्चा की गई तथा उपरोक्त प्रस्ताव में जी.पी.एस रीडिंग, वनभूमि क्षेत्र, केनाल का रेखांकन एवं कक्षवार केनाल की चौडाई, लम्बाई, मानचित्र के संबंध मे चाही गई जानकारी प्रदान की गई।

इसके साथ ही साथ अनुविभागीय अधिकारी टीकमगढ तथा वनपरिक्षेत्र अधिकारी जतारा के साथ दिनांक 22.06.2016 को वन क्षेत्र में आ रही केनाल का स्थल निरीक्षण किया गया एवं केनाल रेखाकंन को जी.पी.एस रीडिंग तथा मानचित्र के अनुसार जॉच करायी गई है । उपरोक्त कार्यों के अलावा पेडों की गिनती हेतु केन–बेतवा लिंक नहर का वनक्षेत्र में डिमारकेशन किया गया है ।

भवदीय,

6/7

(अमर श्री नायक)
अधिशासी अभियंता

प्रतिलिपिः

मुख्य वनसंरक्षक, वृत्त छतरपुर, वन विभाग, मध्यप्रदेश शासन, छतरपुर को सूचनार्थ प्रेषित ।